तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 19 अक्टूबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने उत्साह और...



14 दिवाली पर मिठाई, ग्रीटिंग कार्ड्स, ड्राईंग व रंगोली...



श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### कवि दंपति ने छात्रों के मध्य मनाई दीपावली



चारामा। दीपावली के शुभ अवसर पर छायावादी कवि, मानवविज्ञानी, साहित्यकार एवं परोपकारी व्यक्तित्व डॉ. रुपेन्द्र कवि जो वर्तमान में उप सचिव, राजभवन छत्तीसगढ़ के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी धर्मपत्नी साहित्यकार एवं समाजसेविका सोनिका कवि ने प्रेमेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास पंडरीपानी में बच्चों के साथ दीप पर्व को आत्मीयता और उल्लास के साथ मनाया। कवि दंपत्ति ने छात्रावास परिसर में स्थित पोषण वाटिका का अवलोकन किया, जहाँ बच्चे देशी खाद के माध्यम से देशी सब्जियाँ उगाते हैं। यह पहल न केवल स्वस्थ जीवनशैली, बल्कि आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक प्रेरक कदम है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाइयां वितरित की गई और दीप प्रज्वलन कर पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।

### साप्ताहिक त्योहार बाजार 20 को

भानुप्रतापपुर। विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत संबलपुर ने आगामी साप्ताहिक त्योहार बाजार की तिथि की घोषणा कर दी है। ग्राम पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार साप्ताहिक त्योहार बाजार 20 अक्टूबर सोमवार को होगा। यह निर्णय अधिकतम व्यापारियों, बाजार ठेकेदारों और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा के बाद लिया गया है।

पर्व

**सराफा, कपड़ा और आटोमोबाइल में सर्वाधिक ग्राहकी**

# धनतेरस पर कांकेर, भानुप्रतापपुर और चारामा के बाजारों में अनियंत्रित भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पांच दिनी दीपावली पर्व के पहले दिन शनिवार 18 अक्टूबर को धनतेरस पर कांकेर शहर के बाजार में धनवर्षा हुई। धनतेरस के मौके पर कांकेर, चारामा और भानुप्रतापपुर के बाजारों में धन और रश (भीड़) दोनों देखने को मिली। त्योहारी सीजन पर कांकेर के बाजारों में खरीदारी के लिए खासी भीड़ उमड़ी। धनतेरस के मौके पर सर्राफा बाजार में खूब रौनक देखने को मिली। धनतेरस का पर्व इस वर्ष कांकेर जिले में रौनक और उत्साह का अनूठा संगम लेकर आया। पूरे शहर और ग्रामीण अंचलों के बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सड़कों पर लोगों का सैलाब, दुकानों में रौनक और हर चेहरे पर त्योहारी चमक दिखाई दिया।

■ शहर की भीड़ को देखते हुए बसों के रूट को बदला गया

सुबह सूरज निकलते के उपरांत कांकेर के मुख्य बाजार मुख्य मार्ग, नए बस स्टैंड, मेला मैदान और गांधी चौक इलाकों में लोगों की आवाजाही तेज हो गई। लोग नए बर्तन, सोने-चांदी के जेवर, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े और वाहन खरीदने पहुंचे। हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालु मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की पूजा के लिए चांदी के सिक्के, पूजन सामग्री, दीपक, मिट्टी के बर्तन और सजावटी सामान की खरीदारी करते दिखे। खरीदारी का आलम यह रहा कि देर शाम तक कई शोरूमों में चांदी-सोने के सिक्के खत्म हो गए थे। कांकेर शहर ही नहीं, बल्कि चारामा, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा और नरहरपुर जैसे इलाकों के साप्ताहिक बाजारों में भी धनतेरस की धूम रही। किसानों ने इस साल अच्छी फसल की उम्मीद के साथ खरीदारी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।





### भक्ति और उल्लास का संगम

शाम होते-होते घर-घर में दीपों की रोशनी जगमगाने लगी। मंदिरों में पूजा-अर्चना हुई, लोग भगवान धन्वंतरि की आराधना कर स्वास्थ्य की कामना करने पहुंचे। बाजारों में दीपक, फूल और खुशबू का संगम वातावरण को और पवित्र बना रहा था। कांकेरवासियों का कहना था कि धनतेरस हमारे लिए सिर्फ खरीदारी का दिन नहीं, बल्कि परिवार के साथ समय बिताने और खुशियां बांटने का अवसर है।



### सराफा में देर रात तक डटी रही भीड़

सराफा बाजार के अधिकतम प्रमुख दुकानों में देर रात तक भीड़ डटी रही। ज्वैलर्स दुकानों में अधिकतम लोग चांदी के सिक्के, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, सोने के आभूषण की माँग ज्यादा रही। सराफा व्यवसायियों का कहना था कि बाजार ठीक रहा, आपेक्षा से ज्यादा बाजार में उठाव देखने को मिला।

### मोबाइल शो रूम में रही भीड़

इलेक्ट्रानिक्स बाजार में लक्ष्मी मेहरबान रहीं। शोरूमों में एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव आदि के साथ बिजली की आकर्षक झालरें, सजावटी इलेक्ट्रानिक आइटम का कारोबार हुआ। खरीदारी के लिए दोपहर से ही शोरूमों पर ग्राहक जुटे। मोबाइल शोरूमों पर भीड़ सबसे ज्यादा रही। हर किसी ने अपनी जरूरत के हिसाब से विभिन्न कंपनियों की छोटी-बड़ी टीवी, फ्रिज आदि खरीदा तो इंडेक्शन, माइक्रोवेव, अवन, आयरन आदि घर ले गए। इन आइटमों का कारोबार करीब 17 करोड़ रुपएं जबकि अकेले मोबाइल फोन का कारोबार अच्छा रहा।

### खुशियों से भरा कांकेर

कांकेर की सड़कों पर जब रात को झिलमिल रोशनी फैली, तो पूरा शहर एक चमकते दीप की तरह दिखाई दिया। बाजारों में लोगों की आवाजाही देर रात तक जारी रही। बच्चों के हाथों में झिलमिल लाइटें, महिलाओं की साड़ियों की चमक और दुकानों से आती मिठाई की खुशबू सब मिलकर धनतेरस को यादगार बना गई। यह दिन केवल कारोबार का नहीं, बल्कि विश्वास, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बनकर कांकेर की जनता के दिलों में बस गया।

### यातायात व्यवस्था में किया बदलाव

कांकेर शहर में धनतेरस पर भीड़ अधिक होने के कारण यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया। शहर से निकलने वाली सवारी बसों के रूट को भी बदला गया और शहर के प्रमुख बाजारों में यातायात व्यवस्था को बढ़ाया गया। शहर से बसों पर आने-जाने के लिए प्रतिबंध कर देने से शहरवासियों ने काफी राहत महसूस किया।

## स्कूली बच्चों से आटो को धक्का लगवाते वीडियो वायरल, जिम्मेदारों से है सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आँटो से बच्चों को स्कूल पहुँचाने की पूरी जिम्मेदारी बच्चों के पालकों की होती है, इससे स्कूल प्रबंधन का कोई लेना देना नहीं होता है। आटो के स्टार्ट नहीं होने पर आटो चालक के द्वारा छोटे-छोटे बच्चों से आँटो को धक्का दिलवाकर स्टार्ट करने का दो दिन पुराना वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके बाद शहरवासियों ने सोशल मीडिया में नारजागी व्यक्त करते हुए कहा कि जिम्मेदारों को ध्यान देने की जरूरत है, उससे ज्यादा पालकों को अपने बच्चों को लेकर गंभीर होना चाहिए।

जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर की सुबह साढ़े 11 बजे के आसपास एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो के बारे में पतासाजी किया गया तो जानकारी मिली कि यह वीडियो 15 अक्टूबर का है, इस दिन दोपहर को लगभग 12 बजे के आसपास शहर के घड़ी चौक क्षेत्र में एक ऑटो रिक्शा के खराब हो जाने पर उसमें सवार स्कूली बच्चों से ही ऑटो धकेलवाने का काम आँटो के चालक ने किया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की यह ऑटो रोजाना बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने का काम करता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ऑटो बीच सड़क पर बंद हो गया, जिसके बाद चालक ऑटो पर बैठा रहा और बच्चे यूनिफॉर्म में सड़क पर ऑटो धकेलते दिखाई दिए। यह दृश्य देखकर राहगीरों ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहा है।

लोगों ने इसे बच्चों की सुरक्षा और चालक की गैर-जिम्मेदारी का मामला बताते हुए नाराजगी व्यक्त ▶▶| शेष पेज 12 पर





## ग्रामीणों ने स्थानीय मांगों की अनदेखी पर काम रोकने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

कलवर माइंस में स्थानीय मांगों की उपेक्षा से आक्रोशित ग्राम झिटकाटोला के ग्रामीणों ने मुख्य महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र, अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर और तहसीलदार दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंपकर भिलाई इस्पात संयंत्र के माइनिंग कार्य को रोकने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि 10 सितंबर को आयोजित ग्राम सभा में उनकी मांगों को प्रस्ताव में शामिल नहीं किया गया, जिससे वे ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि माइंस प्रबंधन बाहरी लोगों को प्राथमिकता देकर स्थानीय समुदाय की अनदेखी कर रहा है। रोजगार के अवसर सीमित हो गए हैं, जिससे शिक्षित युवा बेरोजगार बैठे हैं। इसके साथ ही माइंस से हो रहे खनन और ट्रांसपोर्टिंग की कोई जानकारी साझा नहीं की जा रही है, जो ग्रामीणों के अधिकारों का हनन है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर उनकी मांगों को दिए गए निर्धारित समय पर पूरा नहीं किया गया, तो माइंस का काम पूरी तरह से रोक दिया जाएगा। आंदोलन ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पेंशनर संघ ने किया प्रदर्शन और जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ धारा 49/6 के विलोपन की मांग पर अड़े पेंशनर्स



पेंशनर समाज ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पेंशनरों को दिए गए डीआर के आदेश का विरोध करते हुए 18 अक्टूबर को आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पेंशनर समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश भट्ट ने कहा कि 2 प्रतिशत डीआर जनवरी 2025 से मिलना चाहिए था, जो सितंबर माह से दिया जा रहा है । आठ माह की राशि का पेंशनरों को नुकसान हो रहा है । यह परम्परा विगत कई वर्षों से चली आ रही है, जिसमें पेंशनरों को लाखों रुपएं की राशि शासन नहीं दे पाया है, जिससे एक पेंशन को लाखों रूपएं की क्षति हो रही है।

पेंशनर समाज राज्य विभाग 2000 की धारा49/6 जिसमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों प्रदेशों की एक दूसरे की सहमति आवश्यक होती है, तभी डीआर के आदेश होते हैं और विलंब से आदेश होने के कारण देय तिथि से भुगतान होने के आदेश नहीं होते हैं । पेंशनर समाज धारा 49/6 के विलोपन के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहा है। जिला स्तर पर विधायक, सांसद को ज्ञापन दिया गया हैं। प्रान्ताध्यक्ष बीरेन्द्र नामदेव द्वारा मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, वित्त मंत्री सभी को ज्ञापन दिया जा चुका है , लेकिन आज पर्यन्त विलोपन की कार्यवाही नहीं हुई हैं । कार्यवाही नहीं होने पर संघ ने आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया ।

इस अवसर पर ओमप्रकाश भट्ट, सुरेशचंद्र श्रीवास्तव, शिवसिंह भदौरिया, हेमन्त टांकसाले, आईएल वर्मा, बीएल टांक, ▶▶| शेष पेज 12 पर

**फुलझड़ी, चकरी और अनार जैसे लोकप्रिय फटाखों में उछाल**

## नए कम्युनिटी हॉल में सजीं फटाकों की दुकानें, कीमतों में 10-12 प्रतिशत वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**फटका व्यवसायियों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर**



शहर के नए कम्युनिटी हॉल में फटाखा व्यापारी अपना दुकान सजा चुके है, पर अब तक जैसा श्री गणेश होना चाहिए, वैसा नहीं हो पाया है। फटाका व्यापारियों का कहना है कि इस साल फटाखों में 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे सभी फटाकों के दाम बढ़ गए है। कुछ लोगों का यह कहना है कि जिस नियम के तहत लाइसेंस दिया गया है, उसका पालन नहीं किया जा रहा है। शहर के नए कम्युनिटी हॉल में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी फटाखा व्यापारी अपनी दुकान सजाकर दीवाली त्यौहार में बिक्री करने के लिए दुकानें सजा चुके है, जो अपने लाइसेंस के अनुसार करीब 25 किग्रा. तक का फटाखा बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहे है। फटाखा व्यापार करने बैठे व्यापारियों का कहना है कि इस साल बाजार में अभी महौल देखने को नहीं मिला है। दीपावली का धनतेरस पहला दिन होता है, उसके बाद चार दिन पर्व मनाया जाएगा। धनतेरस के बाद ही फटाखा बाजार में माहौल देखने को मिलता है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस बार पिछले साल की तुलना में फटाखों के दामों में 10 से 12 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। फुलझड़ी, चकरी और अनार जैसे लोकप्रिय फटाखों के दाम जहां पहले 100 रुपये में मिल जाते थे, वहीं अब वही सामान 110 से 130 रुपये में बिक रहा है। थोक विक्रेताओं के अनुसार, परिवहन लागत, कच्चे माल की बढ़ी कीमतें और अन्य करों के चलते दाम बढ़े हैं।

### व्यापारियों ने रखे नियम से अधिक फटाखे

फटाखा व्यापारियों के अनुसार व्यापारियों को करीब 25 किग्रा. तक फटाखा रखना है, पर शहर में कुछ अन्य दुकानों व गोदामों पर व्यापारियों द्वारा दीवाली में बिक्री के लिए अत्यधिक मात्रा में फटाखा एकत्र कर रखा गया है, जो नियमों के खिलाफ है, पर प्रशासन अब तक ऐसे व्यापारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं करती है, जिससे व्यापारी नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते है।

### लाइसेंस बनाकर किराए पर देने का भी है खेल

फटाखा दुकान संचालित करने के लिए अस्थाई रूप से लाइसेंस की आवश्यकता होती है। यह लाइसेंस जिला प्रशासन द्वारा दस्तावेज कार्रवाई पूरा होने पर उपलब्ध कराया जाता है। कई लोग प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पाते हैं, इसलिए वो दूसरों से लाइसेंस किराए पर ले लेते हैं, इसके लिए 10 से 15 हजार रुपएं की वसूली की जाती है। किराए पर दुकान लेने वालों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं होने के कारण यह खेल भी बड़े स्तर पर चलता है।

## सड़क किनारे खड़े वाहन को मारी ठोकर, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



चारामा थानांतर्गत लखनपुरी रोड में सड़क किनारे खड़ी वाहन को अन्य वाहन चालक ने अपनी वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दिया। टक्कर से खड़ी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे शिवनगर कांकेर निवासी 32 वर्षीय विनीत शोरी पिता शम्भू राम शोरी ने पुलिस को बताया कि 17 अक्टूबर को अपने दोस्त प्रशात सूर्यवंशी के साथ लगभग 7 बजें अपनी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 1220 में निजी काम से लखनपुरी आया था। वाहन को लखनपुरी के हनुमान मंदिर के पास रोड किनारे पार्किंग लाईट जला कर खड़ा किया था। शाम लगभग साढ़े 7 बजे कांकेर की ओर से आ रही वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएक्स 8101 का चालक वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर मेरे वाहन के ड्रायवर साईड का पीछला चक्का के पास ठोकर मारा, जिससे मेरे गाड़ी का पिछला टायर फट गया एवं एलाईमेंट व चेचिस क्षतिग्रस्त हो गया। मेरे वाहन का एन्डीकेटर टूट गया है, जिससे मुझे नुकसान हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### देवचंद मातलाम ने स्व. राजकुमार पटेल को दी श्रद्धांजलि

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरा में बीते 14 अक्टूबर को थ्रेसर पलटने से हुए हादसे में वरदान युवा संगठन के पूर्व सचिव स्व. राजकुमार पटेल का आकस्मिक निधन हो गया था। इस दुःखद घटना के बाद आज पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम पीपरा पहुँचे, जहाँ उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्व. राजकुमार पटेल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। श्री मातलाम ने कहा कि राजकुमार पटेल वरदान युवा संगठन के सक्रिय व होनहार सदस्य रहे हैं। समाज सेवा के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय था। उनके जाने से संगठन व क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुँची है। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं संगठन के सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### विशाल अधिमान्यता समिति रायपुर संभाग के सदस्य बने

**धमतरी।** प्रदेश सरकार ने राज्यस्तरीय संभागीय अधिमान्यता समिति का गठन कर इसे राजपत्र में प्रकाशित कर दिया है। समिति ने प्रेस क्लब धमतरी के अध्यक्ष विशाल ठाकुर को सदस्य के रूप में नामांकित किया है। ज्ञात हो कि वरिष्ठ पत्रकार विशाल ठाकुर अपने निष्पक्ष दृष्टिकोण, मिलनसार व्यक्तित्व और जनहित की लेखनी के लिए जाने जाते हैं। उनके सदस्य बनने से धमतरी सहित संभाग के पत्रकारों की अधिमान्यता प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सुगमता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# वृद्धजन दिवस पर जिला अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य सुविधा अभियान का हुआ आगाज

## 31 अक्टूबर तक चलेगा फिजियोथेरेपी सहित निःशुल्क उपचार शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल कोंडागांव के फिजियोथैरेपी विभाग में वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक वृद्धजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधा अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष वृद्धजन दिवस की थीम स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण और अस्तित्व, हमारे अधिकार निर्धारित की गई है। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. पदमनाथ बघेल, डॉ. अंजू झा और सहायिका उपाशी नेताम द्वारा वृद्धजनों का स्वागत नारियल, श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले हितग्राहियों का इलाज किया जा रहा है। ग्राम सरगीपारा निवासी 67 वर्षीय मिच्छा राम, जो पिछले छह माह से फ्रोजन शोल्डर से पीड़ित थे, फिजियोथैरेपी से अब पूरी तरह हाथ उठा पा रहे हैं। जिला अस्पताल प्रशासन ने ऐसे सभी वृद्धजनों से अपील की है जिन्हें फिजियोथैरेपी या अन्य उपचार की आवश्यकता है, वे अस्पताल में आकर इस विशेष स्वास्थ्य सुविधा का लाभ अवश्य लें।

फ्रोजन शोल्डर से पीड़ित मरीज को फिजियोथेरेपी से मिली राहत




### ग्राम आमगांव में विकासखंड स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

# पशु प्रदर्शनी में हेमचंद और सुघनतिन को मिला अलग- अलग श्रेणी में प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 के अवसर पर ग्राम आमगांव में विकासखंड स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला में पशु प्रदर्शनी के सात विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत फरसगांव अध्यक्ष मानकू राम नेताम, उपाध्यक्ष जद्दू राम नाग, कृषि स्थायी समिति की सभापति श्रीमती लीलावती नेताम, जनपद सदस्य श्रीमती बुधयारीन दुग्गा, विजय मरकाम, हेमचंद देवांगन एवं सिदराय सलाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पशु प्रदर्शनी में दुधारू गाय की श्रेणी में हेमचंद कुंवर को प्रथम पुरस्कार मिला। वहीं बकरा–बकरी श्रेणी में सुघनतिन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

■ पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी





#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उपसंचालक डॉ. एम.बी. सिंह, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार नाग, नोडल अधिकारी डॉ. सुमन उइके, डॉ. प्रियंका ठाकुर, डॉ. अनिल कटरावत, डी.पी. साहू, महेश नाग, दीपेश बिस्वास, सी.के. कौशिक, चंदन नायक, अशोक तिवारी और मनोज नेताम सहित बड़ी संख्या में पशुपालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डीपीएस में मनाई गई दीपावली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

दिल्ली पब्लिक स्कूल ने दिवाली को उत्साह और भक्ति के साथ मनाया। दिवाली के महत्व पर भाषण दीपिका साहू (कक्षा दसवीं) और आंचल जैन (कक्षा आठवीं) ने दिया। इसके बाद स्कूल कॉयर ग्रुप ने वेदप्रकाश साहू के मार्गदर्शन में मधुर गीत प्रस्तुत किया और दीवाली पर एक रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के छात्रों ने देवता और देवियां थीम पर रंग-बिरंगा रैंप वॉक प्रस्तुत किया। अजय नामदेव के निर्देशन में एक माइम शो ने अच्छाई की बुराई पर जीत का संदेश दर्शाया। प्रधानाचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने छात्रों को अनुशासन, समयपालन और आस्था के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करने और दिवाली को समझ और श्रद्धा के साथ मनाने की प्रेरणा दी। दीया सजाना, कार्टून मेकिंग, रंगोली, लैंटर्न और लोगो डिजाइनिंग जैसी प्रतियोगिता ने समारोह में रचनात्मकता और उत्साह भरा। प्रत्येक छात्र ने एक दीपक अपने घर से लाकर स्कूल परिसर में जलाया। निदेशक धीरज अग्रवाल और श्रीमती निधि अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का प्रबंधन प्राचार्य महोदय डॉ.नितिन कुमार शर्मा, समन्वयक रोहित कुमार और सतप्रीत सिंह धंजल द्वारा किया गया। संचालन अंजलि मिश्रा और मनप्रीत कौर ने किया।

# जूडो में 15 महाविद्यानयों के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में मंगलवार को अंतर महाविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता हुई। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि टिकेश साहू अध्यक्ष जनभागीदारी समिति कुरूद महाविद्यालय व विशिष्ट अतिथि भोजराज चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, खेमराज सिन्हा, श्रीमती अनुराधा साहू थे। अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा. आरके पाण्डेय, वरिष्ठ प्राध्यापक एमएस साहू, डा. सरस्वती घृतलहरे ने की।

इस कार्यक्रम को आयोजित करने में खेल विभाग के प्रमुख अमित टण्डन एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख मेजर डा. ओमजी गुप्ता की भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डा. हित नारायण टंडन विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र ने किया। इस आयोजन में पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर से संबंधित सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के कुल 15 कालेज की टीम ने विभिन्न वजन वर्ग में भाग लिया। पुरुष वर्ग में 60 किग्रा वजन में गौतम प्रसाद विप्र कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रायपुर प्रथम, मुकेश निर्मलकर आईसीटी गरियाबंद द्वितीय, मनस्वी जीएनए महाविद्यालय भाटापारा तृतीय रहे। पुरुष वर्ग में 66 किग्रा वजन में अपूर्व सोनी विप्र कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रायपुर प्रथम, सौरभ सिंग जीएनए महाविद्यालय भाटापारा द्वितीय रहे। पुरुष वर्ग में 73 किग्रा वजन में श्यामकिशोर यादव नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर प्रथम, जितेन्द्र जीएनए महाविद्यालय भाटापारा द्वितीय, 90 किग्रा वजन में अर्नव पाल दुर्गा महाविद्यालय रायपुर प्रथम तथा 100 किग्रा वजन में पोषण देवांगन जीएनए महाविद्यालय भाटापारा प्रथम रहे। महिला वर्ग के 48 किग्रा वजन में प्राची जीएनए महाविद्यालय भाटापारा प्रथम, मुस्कान नेताजी सुभाष महाविद्यालय अभनपुर द्वितीय, दीपिका डागा कन्या महाविद्यालय रायपुर तृतीय रही 52 किलोग्राम वजन में झरना निषाद डागा कन्या महाविद्यालय रायपुर प्रथम, त्रिवेणी संत गुरु घासीदास शास. स्नातको. महावि. कुरूद द्वितीय रही।

57 किग्रा वजन में चेतना सिंह यूटीडी रायपुर प्रथम, तनुजा संत गुरु घासीदास शास. स्नातको. महावि. कुरूद द्वितीय, भूमिका डीबी कन्या महावि. रायपुर तृतीय रही। 63 किग्रा वजन में अनुस्था यूटीडी रायपुर प्रथम, पवनी डीबी कन्या महा. रायपुर द्वितीय, अवन्तिका जीएनए महाविद्यालय भाटापारा तृतीय तथा 70 किग्रा वजन में प्राची यूटीडी रायपुर प्रथम, आकांक्षा दुर्गा महाविद्यालय रायपुर द्वितीय रही।

# अंतर्जिला की टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कायाकल्प योजना के तहत अंतर्जिला रायपुर की टीम ने जिला अस्पताल पहुंच विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि अस्पताल को अब तक योजना के तहत सांत्वना पुरस्कार से ही संतुष्ट होना पड़ रहा है। पुरानी बिल्डिंग होने के कारण पाइंट कट जाता है।

शासन शासकीय अस्पतालों को प्रोत्साहित करने प्रत्येक वर्ष कायाकल्प योजना चलाता है। इस योजना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल शामिल रहते हैं। जिला चिकित्सालय को अब तक कायाकल्प योजना के तहत कोई पुरस्कार नहीं मिला है। बीते वर्ष भी अस्पताल को सांत्वना पुरस्कार से ही संतुष्ट होना पड़ा था। इसकी मुख्य वजह अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग है जिसके कारण पाइंट कट जाता है। कायाकल्प योजना 2025-26 के तहत रायपुर जिला अस्पताल की 6 सदस्यीय टीम शुक्रवार को जिला चिकित्सालय धमतरी के निरीक्षण में पहुंची। टीम में एसके भंडारा सिविल सर्जन, डा.वीके झा हड्डीरोग विशेषज्ञ, डा.लक्ष्मी चंद्राकर माइक्रो बायोलाजिस्ट व डा. दिलीप सोनबेर अस्पताल सलाहकार व सरस्वती घृतलहरे फार्मासिस्ट शामिल थे। टीम ने अलग-अलग बंटकर जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन डा. अरूण टोंडर, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप, मैट्रन पार्वती नेताम सहित स्टाफ ने टीम को पूरे अस्पताल का भ्रमण कराया। नये अस्पताल की बिल्डिंग शुरु हो जाने के बाद आगामी वर्ष में जिला अस्पताल को पुरस्कार की उम्मीद है।

■ अस्पताल की बिल्डिंग पुरानी होने के कारण कट जाता है पाइंट




#### 100 प्वाइंट पर निरीक्षण

*कायाकल्प योजना के तहत टीम को अस्पताल का 100 पाइंट में निरीक्षण कर नंबर देना होता है। 70 पाइंट से अधिक होने पर जिला चिकित्सालय राज्य के लिए क्वालीफाई होता है। उसके बाद राज्य की टीम आकर अस्पताल का निरीक्षण करती है। टीम को हास्पिटल फेसलिटी जिसमें जानवरों पर नियंत्रण, गार्डनिंग, खुली जगहों का रखरखाव, अधोसंरचना, फर्नीचर, पानी, हाईजीन, वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण कंट्रोल, सपोर्ट सर्विस, हास्पिटल की बाउंड्रीवाल, इकोफ्रेण्डली सिस्टम सहित अन्य बिंदुओं पर निरीक्षण करना होता है।*

## हाईस्कूल भोयना की व्याख्याता को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



छत्तीसगढ़ कला प्रतिभा अकादमी बाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, समाजसेवियों एवं मीडिया को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल भोयना की व्याख्याता श्रीमती करुणा सोनबेर को शैक्षणिक गतिविधि, बालिका उत्थान योजना, अनुशासन एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम के लिए प्रमाण पत्र, मेडल, श्रीफल, शॉल से सम्मानित किया गया। इस उपलब्बधि पर शाला परिवार समेत अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# दो बाइक में भिड़ंत दोनों चालक घायल







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गुरूवार की रात्रि भटगांव के आईटीआई कालेज के पास दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों चालक घायल हो गए। वहीं तेज रफ्तार आटो के पलट जाने से पीछे आ रही बाइक चपेट में आ गया।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बेंदरा नवागांव निवासी कुलेश नागवंशी गुरूवार की रात्रि अपनी मोटरसाइकिल से भटगांव आईटीआई कालेज के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से बाइक चालक दद्दू कुमार आ रहा था। दोनों बाइक तेज रफ्तार में थी। ग्राम भटगांव के आईटीआई कालेज के पास दोनों बाइक में आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों बाइक के टकराने से तेज आवाज आई। टक्कर में दोनों बाइक के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान व सोनू साहू एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और सड़क पर पड़े घायलों को उपचार के लिये श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। घायलों का उपचार जारी है। इसी तरह एक अन्य सड़क दुर्घटना शुक्रवार को रूद्री रोड में हुई है। आटो क्रमांक सीजी 05 एएच 7865 दोपहर में रूद्री रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान अम्बेडकर चौक रूद्री रोड में स्थित पुलिया के पास तेज रफ्तार आटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक आटो में घुस गई। घटना में आटो व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक चालक को मामूली चोट आई है। बताया गया है कि आटो चालक शराब के नशे में धुत था।

### धनवंतरि प्राकट्य दिवस पर सर्वे भवन्तु सुखनः की प्रार्थना

जगदलपुर। आयुर्वेद के जनक और आरोग्य के अधिष्ठाता देव भगवान धन्वंतरि के प्राकट्य दिवस के अवसर पर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में शनिवार को पूजा-अर्चना समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों और कर्मचारियों ने श्रद्धा-भाव से भाग लिया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहनीष साहू, चिकित्सक डॉ. जुगनू नेताम, डॉ मिश्रा सहित चिकित्सालय के स्टाफ ने भगवान धन्वंतरि का पूजन किया और समाज के उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर आयुर्वेद के सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार और जनसेवा के प्रति संकल्प लिया गया ताकि इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

# सोने के दाम ने सराफा बाजार को किया ठंडा

**चारामा।** दीपावली का पर्व सोमवार 20 अक्टुबर को मनाया जाएगा। दिनभर बाजारों में ग्राहकों के द्वारा विभिन्न समाग्रियो के खरीदारी के लिए भीड़ देखी गई। हालाकि द्वादशी और त्रयोदशी एक ही दिन पड़ने से लोग संशय में रहे, लेकिन पंडितो के द्वारा त्रयोदशी मनाने का समय जो कि 18 अक्टुबर को 12 बजकर 15 मिनट से शुरू होने की जानकारी मिलने पर दोपहर के बाद से बाजार में ग्राहको की भीड़ बढ़ी। धनतेरस के अवसर पर सोना व चांदी के आभुषण लेना ज्यादा पसंद किया। सोना और चांदी के बढ़े हुए दामों ने आम ग्राहको को सोने चांदी से बहुत दुर कर दिया है, जिसके चलते नगर के सराफा बाजार में ग्राहकों की भीड़ में काफी कमी देखी गई। उम्मीद से बेहद कम सोना चांदी का व्यापार इस धनतेरस पर हुआ। हालाकि कपड़े, बर्तन, सजावटी समाग्री, जुता चप्पल, पुजा एंव झाड़ु व अन्य समानों की खरीदी के लिए ग्राहको की जमकर बाजार में भीड़ दिखी और जमकर खरीदारी भी हुई।




## पेज 11 के शेष

### स्कूली बच्चों से...

किया है। शहरवासियों ने परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग से ऐसे स्कूल ऑटो की जाँच करके आँटो चालक पर कार्रवाई की मांग किया है। शहरवासियों ने कहा कि बच्चों के पालकों को ऐसे गैर जिम्मेदार आँटो चालक के सा थ बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाहिए।

### ग्रामीणों ने स्थानीय...

में पूरे गांव के लोग शामिल होंगे और इसे उग्र रूप देने से भी गुरेज नहीं करेंगे। ज्ञापन देने वालों में लच्छूराम ध्रुव, रूपसिंह जैन, सनेसिंग उसेंडी, शिवलाल सलाम, शत्रुघन दुग्गा, शकुंतला ताराम, कुमेश नेताम, बरातू भोयार, कमलेश जैन, फुल कुंवर टांडिया, नवल ताराम आदि ग्राम वासी शामिल थे।

### पेंशनर संघ ने...

पीआर गोलछा, अनन्त राम कलिहारी, किशोर ठाकुर, नरेन्द्र बिछिया, अशोक देवनाथ, छबिलाल जैन आदि पेंशनर उपस्थित रहे।


### सड़क किनारे खड़ी...

क्रमांक सीजी 04 पीएक्स 8101 के चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

# धान खरीदी केंद्र गढ़ बांसला में खुलवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

लेंपस संबलपुर के अंतर्गत धान संग्रहण केन्द्र में 52 ग्राम के किसान गढ़ बांसला में धान खरीदी केंद्र खुलवाने की मांग करते हुए कहा कि हम लोग नदी नाला और जंगल से घिरे किसान लोग धान लाते है। हम किसान भाई धान बेचने के लिए जाते है, जिसमें विक्रय करने में कई दिन लग जाता है। इसलिए हम 10 ग्राम क्षेत्र के किसान निवेदन करते हैं कि चारो तरफ से बीच गढ़ बांसला पड़ता है, यहां मां दन्तेश्वरी का मंदिर गढ़ देवी 84 प्रग्न, 252 गांव का गढ़ एवं आस्था का केन्द्र है और यही पर धान खरीदी केन्द्र खोला जाए।



4 जून को खाद्य विभाग के दो अधिकारी कांकेर एवं पूर्व लैंपस अध्यक्ष एवं संबलपुर लैंपस के प्रबंधक सभी की उपस्थिति में स्थान निरीक्षण करने पहुंचे थे और नवीन ध्यान संग्रहण केंद्र खोलने के लिए जगह का निरीक्षण कर इन सभी के एवं ग्रामवासी की उपस्थिति में पंचनामा ओके रिपोर्ट शासन प्रशासन को भेजा गया है। क्षेत्र के किसानों को उम्मीद जगी है कि इस बार धान खरीदी केंद्र खुलेगा। किसानो ने कहा कि यदि 1 नवंबर तक तक किसी प्रकार का आदेश नवीन धान संग्रहण केंद्र बासला के लिए आदेश नहीं हुआ तो शासन प्रशासन को सूचना देकर 14 नवंबर को समस्त किसानों का आक्रोश दिन प्रतिदिन के कारण बढ़ गया है। हमें बाध्य होकर लैम्पस संबलपुर के चौक पर धरना एवं चक्का जाम करेंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।




## खबर संक्षेप

### डीएवी किरंदुल ने जीता स्वर्ण पदक



**किरंदुल।** डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल के छात्र-छात्राओं ने बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन किया। खेल शिक्षक मनोज कुमार सिंह एवं तृप्ति श्रीवास्तव के नेतृत्व में 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दिवाकर बैरागी ने स्वर्ण पदक जीत कर किरंदुल का नाम रोशन किया। 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में नागेश मंडावी ने रजत पदक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया। इसी तरह 4 गुना 100 मीटर प्रतियोगिता में डीएवी किरंदुल ने रजत पदक प्राप्त किया। रिले रेस में दिवाकर बैरागी, आशीष कुमार, शिवम गुप्ता, धीरज बाग एवं आर्यन साहू ने विद्यालय को रजत पदक दिलाया। इस टीम के साथ विद्यालय के शिक्षक चंद्रशेखर वर्मा एवं श्रावणी एस ने स्कॉट टीचर के रूप में भाग लिया।

### बीआरसी ने माध्यमिक स्कूल का किया निरीक्षण



**भोण्ड।** विखं बस्तर के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय घाटलोंहगा में बीआरसी अजम्बर कोरम ने विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में उपस्थित होकर विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। निरीक्षण के दौरान बीआरसी ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह की छुट्टी के दौरान विद्यार्थियों को गृह कार्य दिया जाए तथा अवकाश अवधि में विद्यालय परिसर की रंगाई-पुताई एवं कक्षाओं में प्रिंट रीच कार्य पूरा किया जाए।

## दीपोत्सव से पहले बहता है पसीना...





**जगदलपुर।** मिट्टी की सौंधी खुशबु के बीच चलानगुड़ा गांव का सोनुराम नाग का पूरा परिवार दीपावली के पहले मिट्टी के दीप बनाने में जुटा हुआ हैं। महिलाएं दूर से मिट्टी लाकर उसमें पानी मिलाकर गुथ कर मिट्टी को महीन बनाती है। मिट्टी के बीच में आने वाले छोटे छोटे कंकड़ पत्थर को अपने सधे हुए अंगुलियों से छांटकर अलग करती है। मिट्टी जब पूरी तरह दीप बनाने के लायक बन जाती है तब वह उसे सोनुराम को सौंप देती हैं। मिट्टी और पानी के मिश्रण को चाक पर डालकर उसे दीप का रूप देकर तराशा जा रहा था। यह प्रक्रिया पूरी करने में मेहनत का पसीना टपकता है जो दीपोत्सव में जलने वाले दीप का एक हिस्सा होता है। कुम्हार सोनुराम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि हर साल दीपावली के समय मिट्टी के दीप बनाना मेरे परिवार का महत्वपूर्ण काम होता है। कुछ महिने पहले से तैयारी शुरू कर देते है। मिट्टी के दीप का दीपावली में जलना शुभ माना जाता है। वैसे अब फैंसी दीप बाजार में आने से लोग रेडीमेड और रंगीन सामान का उपयोग भी कर रहे हैं। फिर भी मिट्टी के दीप का दीपावली में पूजा में उपयोग बहुतायत में लोग करते हैं। उसने बताया लोगों के घरों में हमारे दीप से रोशनी जगमगाती है यही हमारी असली कमाई है। छाया..... संतोष पाण्डेय

### जनसंवाद में जनता से रूबरू हुए विधायक

# तीरथगढ़ की जनता ने सामने रखी मांगे, विधायकों ने तुरंत किया निदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दरभा ब्लाक में तीरथगढ़ पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं विधायक विनायक गोयल ने जनमानस से सीधे संवाद किए। उनकी समस्याओं से अवगत होकर संबंधित विभाग के अधिकारियों से निराकरण करने को कहा। किरण देव ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते समस्याओं से रुबरु हुए। जनता ने एक एक कर अपने जनप्रतिनिधियों के समक्ष क्षेत्र की समस्या को रखा । लोगों ने सर्वप्रथम विकास कार्यों के लिए दोनो विधायक को धन्यवाद दिया। कहा कि लोगों के मांग के अनुरूप विकास कार्य किये जा रहे हैं। किरण देव ने कहा जिन मांगों को रखा गया है उन कार्यो को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास करने में हम लगातार प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। देव ने कहा आपके हर समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

#### मांग को जल्द करेंगे पूरा

विधायक विनायक गोयल ने कहा हमारे सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में बहुत विकास कार्य हो रहे हैं। जनसंवाद के माध्यम से आपके बीच पहुंचकर सीधे संवाद करने का अवसर मिला। आपने क्षेत्र के विकास में मांग रखा है उसे पूरा करने का कार्य किया जायेगा।

#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान विद्याशरण तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप,जयमनी मौर्य , संरपंच मंगलू राम, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, संतोष बघेल, महेश बघेल, फूलसिंह सेठिया, लिबरूराम,दुलार सिंह, धमेंद्र ठाकुर, विष्णु कश्यप, सीईओ वीरेंद्र बहादुर, बीईओ जगदीश पात्र एवं क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि व जनमानस उपस्थित थे।

## शिक्षक संघों का विधायक निवास में जमावड़ा जेडी के स्टाइल और सीधे अटैक से हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडेय के खिलाफ लामबंद हुए शिक्षकों के कई संघ के अलावा अन्य संघ के लोगों का जमावड़ा शुक्रवार की शाम 7 बजे विधायक किरण देव के सरकारी निवास नयापारा में हुआ। जहां उन्होंने जेडी को हटाने की एक सूत्रीय मांग को सामने रखा। हाल ही में बस्तर पदस्थ किए गए जेडी राकेश पाण्डे लगातार बस्तर संभाग के स्कूलों में पहुंचकर देर से आने वाले और कक्षा में शालीन पोशाक नहीं पहने वाले पर कार्यवाही कर रहे थे। शिक्षकों को इस बात पर आपत्ति थी कि जेडी वीडियो डालकर गुरप में शिक्षकों का अपमान कर रहे है। विधायक ने सबकी बात सुनी और जल्द कार्यवाही का भरोसा दिलाया। जैसा कि हेतराम सोम के जेडी बनने की सोशल मीडिया में बातें चल रही है वे यहां जिला शिक्षा अधिकारी रह चुके है। उनका पिछला कार्यकाल भी विवादास्पद रहा है। जगदलपुर के कई जेडी करोड़ों कमाकर बिना किसी विरोध और विवाद के आराम से चले गए। बस राकेश पाण्डेय का स्टाइल और सीधे अटैक गुरूजियों को रास नहीं आया। वैसे पूर्व के जो जेडी ने ट्रांसफर, पोसंटिग और पदोन्नति में बेहिसाब कमाए उसमें उनके ऑफिस के कुछ बाबुओं ने भी बहती गंगा में जमकर हाथ धो लिए। वैसे भी कहा जाता है बस्तर में शिक्षा विभाग में न धन की कमी न अवसर की। कई संघ के गुरूजी भी करोड़पति बन गए यह चर्चा भी विभाग के गलियारों में घुमती रहती है। बहरहाल सभी तरफ से जेडी को हटाने की शिकायत के बाद वे सबसे कम कार्यकाल के जेडी हो जाएंगे।

## सांसद ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**किरंदुल।** किरंदुल क्षेत्र में बस्तर सांसद महेश कश्यप एवं विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी का आतिशबाजी एवं गाजे- बाजे के साथ पार्षदों के द्वारा गजमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जिसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुवात वार्ड क्रमांक 7 स्थित शासकीय माध्यमिक शाला बैलाडीला के प्रांगण में मां सरस्वती के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर की गई। उसके बाद शासकीय स्कूल के बच्चों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई, जिसमें बस्तर सांसद महेश कश्यप के द्वारा स्कूल के बच्चों को 5000 रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। सांसद महेश कश्यप ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। बता दें कि वार्ड क्रमांक 7 स्थित शासकीय माध्यमिक शाला बैलाडीला में एनएमडीसी द्वारा 90 लाख की लागत से नवनिर्मित बिल्डिंग का निर्माण किया गया एवं साथ ही एएमएनएस के द्वारा स्कूल को सीएसआर मद से बच्चों के बैठने हेतु बैंच दी गई जिसका लोकार्पण शुक्रवार शाम 6 बजे सांसद महेश कश्यप, विधायक चैतराम अटामी व जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी के करकमलों द्वारा किया गया।

### विधायक ने दुबेउमरगांव में किया सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन

# कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बस्तर की ग्राम पंचायत दुबे उमरगांव में विधायक लखेश्वर बघेल के आगमन पर ग्रामवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। विधायक ने डीएमएफटी मद से 9 लाख 60 हजार रुपये की लागत से 300 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गुड़ी परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग रखी, जिस पर विधायक ने शीघ्र ही इस मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र का समग्र विकास है। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना ही मेरा संकल्प है। विधायक ग्राम पंचायत रेटावंड में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच के समापन अवसर पर भी पहुंचे। विगत एक माह से चल रही इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग की 32 टीमों एवं जूनियर वर्ग की 16 टीमों ने भाग लिया।

सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में पल्लीभाटा और मादर के बीच रोमांचक खेल हुआ, जिसमें मादर की टीम ने 39-16 जीत दर्ज की। वहीं जूनियर वर्ग के फाइनल मैच में ईच्छापुर ने मेटावंडा को 33-17 हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। बघेल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए तथा खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए।

कार्यक्रम में बालेश दुबे, मानसिंह कवासी, सूरज कश्यप छवि श्याम तिवारी, शकुंतला कश्यप, किरण मौर्य, रामया राम मौर्य, पुरन सिंह सुखराम कश्यप, कवलदास, डिगेश्वर, सचेद्र, सोहन, प्रदीप, बबलू कश्यप, नरसिंह, देवलाल धनसिंह, दयाशंकर, मुकेश, पूरनसिंह, दसीराम, शोभाराम, मुन्नाराम, जगदेव, गीता कश्यप, बुदरु राम, घुराऊ, सुशील, बसंत, नरपत, कुमारी माधुरी,तरुणा पार्वती, भोयर, महादेवी तुलाराम, कोयता,भोला राम बघेल, मुना ठाकुर तोपन चंदेल, कुबेर कश्यप, कुलेश्वर कश्यप, सोनसाय बघेल, शिव बघेल एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने पुरस्कार प्राप्त किया

# पीएम जनमन योजना में बेहतर कार्य के लिए जिले को मिला राष्ट्रीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

पीएम जनमन योजना के तहत बेहतर काम होने पर धमतरी जिले को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में यह पुरस्कार प्राप्त किया है।

छत्तीसगढ़ राज्य की पहली पीएम जनमन आवास कॉलोनी धमतरी में है, जो विशेष रूप से कमार जनजाति के लिए बनाई जा रही है। विशेष पिछड़ी जनजाति कमारों के लिए जनमन योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत उनके लिए आवास, सड़क सहित अन्य सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

धमतरी में ये कार्यक्रम गुणवत्तापूर्ण और बेहतर ढंग से किए गए हैं जिसके लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को प्रधानमंत्री जनमन योजना (पीएम जनमन) के उत्कृष्ट एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय सम्मान मिला है। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी इस प्रकार के कार्यों के लिए जिले की सराहना कर चुके हैं।



#### मसानडबरा में बन रही कमारों के लिए कॉलोनी

धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित गांव मसानडबरा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत कॉलोनी बनाई जा रही है। ये कॉलोनी विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए हैं ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल सके। यह देश की दूसरी और छत्तीसगढ़ राज्य की पहली पीएम जनमन आवास कॉलोनी है। जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत कुल 1481 आवास स्वीकृत हैं जिनमें से 982 आवास पूरे हो चुके हैं।

### 20 को दीपावली, 22 को अन्नकूट-गोवर्धन पूजा शास्त्र सम्मत : पं. त्रिपाठी

**धमतरी।** ज्योतिषाचार्य पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी ने लक्ष्मी पूजा 20 अक्टूबर तथा 22 अक्टूबर को अन्नकूट, गोवर्धन पूजा को शास्त्र सम्मत बताया है। एमए संस्कृत, ज्योतिषरत्न उपाधि प्राप्त पं. त्रिपाठी ने कहा है कि हमारी संस्कृति और धर्मशास्त्र में तिथि, पर्व, व्रत, त्योहार या किसी निर्णय में संदेह या विवाद का कोई स्थान नहीं है। उनके सम्यक अध्ययन एवं विवेचना के बिना जबरन किसी निर्णय को विवादग्रस्त बना देने से जनसमुदाय दिग्भ्रमित हो जाता है। इस वर्ष चतुर्दशी का प्रवेश 19 अक्टूबर रविवार को दिन के 1 बजकर 51 मिनट से 20 अक्टूबर सोमवार को दिन में 2 बजकर 51 मिनट तक है। इसके बाद अमावस्या तिथि का प्रवेश होगा जो 21 अक्टूबर मंगलवार को दिन के 4 बजकर 21 मिनट तक है। धर्मशास्त्रों के अनुसार 18 अक्टूबर को धनतेरस, 19 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी, 20 अक्टूबर को दीपावली पूजा, 21 अक्टूबर को श्राद्ध अमावस्या, 22 अक्टूबर को अन्नकूट, गोवर्धन पूजा, 23 अक्टूबर को भाईदूज का त्योहार शास्त्र सम्मत है।



आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### तालाकुर्रा में हुआ पालक सम्मलेन कार्यक्रम

**कोरर।** शासकीय पूर्व माशा शाला तालाकुर्रा मे पालक सम्मलेन कार्यक्रम में बस्तर ओलम्पिक थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही तिमाही परीक्षा क़े परिणाम से पालको को अवगत कराया गया। तिमाही परीक्षा में जिन विद्यार्थियों परीक्षा मे कम अंक अर्जित किए, उनको सरपंच विनोद रावटे एवं शिक्षाविद नारायण जैन ने अधिक मेहनत करने कहा एवं प्रोत्साहित किया गया। संकुल खेल का आयोजन करने की अनुमति उच्च कार्यालय से लेकर खेल कराने की बात कही गई। संस्था प्रमुख रायसिंह मांझी द्वारा सभी स्टाफ एवं उपस्थित ग्रामीणों का आभार किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कुंती नेताम, लीलाम्बर सिंह नरेटी, भानूराम भास्कर, विजय देवांगन, नितिका यादव पंच,चंद्रभान मरकाम उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने एसएसबी कैंप केवटी का किया शैक्षणिक भ्रमण



**भानुप्रतापपुर।** सेंट जोसेफ स्कूल भानुप्रतापपुर के विद्यार्थियों ने 17 अक्टूबर को सशस्त्र सीमा बल कैंप केवटी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर कैंप के कार्यवाहक कमांडेंट महेंद्र ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और एसएसबी के कार्यों, देश की आंतरिक सुरक्षा तथा सीमा प्रहरियों की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने डॉग शो का रोमांचक प्रदर्शन देखा, जिसमें प्रशिक्षित डॉग स्क्वाड ने अपनी फुर्ती, अनुशासन और प्रशिक्षण का शानदार प्रदर्शन किया। एसएसबी ने हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन भी किया, साथ ही उनके उपयोग और रखरखाव की जानकारी दी।

### पूर्व प्राचार्या हेलन बाजपेयी ने दिया देहदान, प्रक्रिया की पूरी

**जगदलपुर।** सेवानिवृत्त प्राचार्य हेलन बाजपेयी (70) का आज सुबह 5 बजे मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में निधन हो गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार तबियत बिगड़ने पर 2 दिन से वहां भर्ती थी। देहदान का निर्णय उनका स्वयं का रहा। इसलिए निधन के बाद मेडिकल कॉलेज में देहदान की प्रक्रिया पूरी की गई और परिवार को सूचना दी गई।

## निधन

### दुलारीबाई मंडावी

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम बरगांव निवासी दुलारी बाई मंडावी की शनिवार को निधन हो गया, वे लंबे समय से बीमारी से ग्रसीत थी। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बरगांव में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार शामिल रहे।



# 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने उत्साह और उल्लास के साथ मनाया 21 वां स्थापना दिवस

## खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भरा उल्लासमय रहा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़

28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ में वाहिनी का 21 वां स्थापना दिवस समारोह उल्लास और अनुशासनपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर इनडोर एवं आउटडोर खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें रस्साकसी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, दौड़, शस्त्र ज्ञान एवं साइबर अपराध जागरूकता प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रहीं। इन प्रतियोगिताओं में वाहिनी के सभी अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सशस्त्र सीमा बल के क्षेत्रक मुख्यालय भिलाई के उपमहानिरीक्षक





रंजीत सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत खेल प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें विजयी टीम को पुरूस्कृत किया गया। इसके उपरांत सांस्कृतिक संध्या में रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर 86 कंपनी के कमांडेंट अनिल सिंह रावत, 129 बटालिन के द्वितीय कमान अधिकारी राजपाल सिंह, 33 वीं वाहिनीएसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी महेंद्र सिंह ठाकुर, वनमंडलाधिकारी ऋषभ जैन, डिप्टी कलेक्टर राहुल रजक, एसडीओपी शुभम तिवारी की उपस्थिति में विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया।

## कार्यक्रम : पैराडाइज हायर सेकंडरी स्कूल के 700 बच्चों की रही प्रतिभागिता

# दिवाली पर मिठाई, ग्रीटिंग कार्ड्स, ड्राईंग व रंगोली बनाकर बच्चों ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

दीपावली के पूर्व विभिन्न गतिविधियों का आयोजन पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में किया। कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के लगभग 700 बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर बहुत ही उत्साह से साथ अपनी प्रतिभा एवं कला का प्रदर्शन करते हुए दीपावली ड्राइंग, दीप सजावट, ग्रिटिंग कार्ड मेंकिग आदि कार्यकम मे भाग लिया। बच्चों ने श्रीरामचंद्र, लक्ष्मण, सीता माता एवं हनुमान के वेशभूषा में आयोध्या आगमन की झांकी प्रस्तुत किया।

सुबह के असेम्बली में मिडिल एवं हायर कक्षा के छात्रा-छात्राओं द्वारा दीपावली क्यो मनाया जाता है, उसका महत्व बताते हुए कहा कि दीवाली हमारे देश का सबसे प्रमुख त्यौहार है। यह अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस दिन भगवान श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। लोग दीप जलाकर उनका स्वागत करते हैं। इस दिन हम अपने घरों को साफ-सुथरा कर दीपक जलाते है और माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा करते है। यह त्यौहार हमें जीवन में सदैव अच्छाई और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। छात्राओं द्वारा त्यौहार का वर्णन इस प्रकार किया गया, गोर्वधन पूजा का महत्व इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र देव के अभिमान को दूर करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाया था। इसलिए इस दिन लोग गोवर्धन पूजा करके भगवान श्रीकृष्ण को आभार व्यक्त करते हैं। यह पूजा हमें प्रकृति, पर्यावरण और भगवान के प्रति श्रद्धा का भाव सिखाती है। भाई दूज का पर्व मनाया जाता है।

इस दिन बहन अपने भाई के माथे पर तिलक लगाकर उसकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती है। यह पर्व भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। इस सभी त्यौहारों से हमें प्रेम, एकता, श्रद्धा और सदाचार का संदेश मिलता है। हमें भी इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।



### छोटे व बड़े दीपों से आकर्षक डेकोरेट किया

प्री-प्राइमरी कक्षा नर्सरी एलकेजी यूकेजी के लिए दीप ड्राइंग, चित्रकला का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक दीप का ड्राइंग कर दीपावली के पूर्व त्यौहार के आगमन का स्वागत किया। प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों के लिए दीप डेकोरेशन कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें छात्र-छात्राओं ने छोटे व बड़े आकर्षक दीपों को डेकोरेट किया, मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक एवं कलरफूल दीपावली रंगोली बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्राइमरी कक्षा के छात्राओं के द्वारा बिना गैस का उपयोग कर तरह-तरह की मिठाई बनाये एवं फूट सलाद बनाकर अपने खुशी व्यक्त किया। छात्र-छात्राओं द्वारा दीपावली सॉन्ग एवं राम आएँगे तो अंगना सजाऊँगी दीप जलाके दिवाली में मनाऊँगी गीत पर सुमधुर गायन प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राएं इस गीत पर झूम उठे जिससे स्कूल का सम्पूर्ण वातावरण आनंदमय हो गया। इस अवसर पर दीपावली गीत पर मिडिल स्कूल के छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया।

# विश्व हाथ धुलाई दिवस और एचआईवी एड्स पर किया जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शासकीय हाईस्कूल पटौद में माय भारत के तत्वाधान में विश्व हाथ धुलाई दिवस और एचआईवी एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने स्वच्छता और एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और उनके प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम में एचआईवी एड्स विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें छात्रों को इस बीमारी के बारे में जानकारी दी गई और इसके प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, छात्र-छात्रों को को हाथ धोने के सही तरीके को भी बताया गया। शासकीय हाईस्कूल पटौद के प्राचार्य डीएस निषाद ने कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। माय भारत कांकेर के सदस्यों ने भी छात्रों को विश्व हाथ धुलाई दिवस और एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक किया। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया और उन्हें इसके लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं स्वाति कौशिक व्याख्याता, वासुदेव पैकरा व्याख्याता, ज्योति यादव व्याख्याता, दुर्गा साहू व्याख्याता, चांदनी नेताम व्याख्याता एवं कांकेर वॉलिंटियर अंकिता साहू, भावेश साहू, दामिनी साहू माय भारत के वॉलिंटियरों ने योगदान दिया।

# राज्य विज्ञान संगोष्ठी में सेलेगांव की खुशबू रहीं द्वितीय स्थान पर



**कांकेर।** शासकीय शिक्षा महा विद्यालय शंकर नगर रायपुर में विगत दिनों राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2025-26 का आयोजन किया गया, जिसका शीर्षक क्वांटम युग का आगाज संभावनाएं एवं चुनौतियां था। इस संगोष्ठी में छग राज्य के नौ जोन के शासकीय विद्यालयों से चयनित अठारह बाल वैज्ञानिक प्रतिभागी तथा उनके मार्गदर्शक शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में कांकेर जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए शाउमावि सेलेगांव की छात्रा कुमारी खुशबू साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करके राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार स्वरूप पांच हजार रुपए, प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्राप्त हुआ। खुशबू ने कांकेर जोन प्रभारी पुष्पांजलि ठाकुर और पीयूषा बंजारे व्याख्याता के मार्गदर्शन में क्वांटम प्रौद्योगिकी के अंतर्गत साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, ऊर्जा प्रणालियां, मौसम पूर्वानुमान, अंतरिक्ष विज्ञान एवं रक्षा संचार पर प्रभावशील व्याख्यान दिया। इसी क्रम में कांकेर जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए लवली पटेल मार्गदर्शक शालिनी साहू ने सहभागिता दी। इन्हें सांत्वना पुरस्कार एक हजार रुपए, प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्राप्त हुआ। इन दोनों बच्चों को कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, धमतरी कलेक्टर अविनाश मिश्रा, सीईओ हरेश मंडावी एवं डीईओ रमेश कुमार निषाद, धमतरी डीईओ अभय जायसवाल, मोहन लाल निषाद प्राचार्य, एसआर दीवान, एवं समस्त स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो डॉ संजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि जेपी रथ अतिरिक्त संचालक एससीई आरटी, केके शुक्ला सहायक प्राध्यापक एससीईआरटी रायपुर, डॉ लक्ष्मीकांत चावरे सेंटर फॉर बेसिक साइंस प.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ आलोक लुका, प्रो नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर, डॉ नंद कुमार चक्रधारी एसोसिएट प्रोफेसर की उपस्थिति रही।



# पालक-शिक्षक सम्मेलन में छात्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत, किया सम्मानित

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय बालक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय दुर्गुकोंदल में शनिवार को पालक-शिक्षक सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने उपस्थित पालकों को त्रैमासिक परीक्षा उपरांत विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया। विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर चर्चा करते हुए अभिभावकों से सहयोग एवं सहभागिता की अपील की गई।

कार्यक्रम के दौरान अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कापी और पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बैजनाथ नरेटी ने उपस्थित विद्यार्थियों और पालकों को धनतेरस पर्व की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नियमित अध्ययन करें, अनुशासन बनाए रखें और निरंतर मेहनत से अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करें। उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में फूलसिंह मण्डावी ने अपने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर प्रयास और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पवन कोमरा, कृष्णा दुग्गा, सियाराम ताम्रकार, चैतराम उसेण्डी, रमई बाई मानिकपुरी, सुमित्रा बघेल, प्रधान अध्यापक दत्ता, शिक्षक हरिशंकर उइके, मधु ध्रुव, रेशमा कारके, मंजुषा मिन्ज साथ ही बड़ी संख्या में पालक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में हुलघाट की टीम ने जातावाड़ा को हराकर खिताब जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम घमरे के तत्वाधान में पाँच दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस रोमांचक टूर्नामेंट में क्षेत्र की कुल 32 टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फायनल मैच में हुलघाट की टीम ने 23 रनों के अंतर से शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। पांच दिवसीय चली प्रतियोगिता के पूरे आयोजन के दौरान स्थानीय खेलप्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया और प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शकों की भीड़ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने पहुँची।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला हुलघाट और जातावाड़ा की टीमों के बीच खेला गया, जो पूरे आयोजन का सबसे रोमांचक क्षण रहा। हुलघाट की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 5 ओवरों में केवल 1 विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाए, उसके जवाब में जातावाड़ा की टीम ने जोशपूर्ण प्रदर्शन किया, परंतु निर्धारित ओवर में केवल 42 रन ही बना सकीं। हुलघाट की टीम ने 23 रनों के अंतर से शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन कोंडे के सरपंच प्रेम पुड़ो के मुख्य आतिथ्यि, जनपद सदस्य धनसाय की अध्यक्षता और विशेष अतिथि सरपंच सराधू घमरे एवं अन्य की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथि और अन्य जनप्रतिनिधियों ने विजेता हुलघाट टीम को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उपविजेता जातावाड़ा टीम की उत्कृष्ट खेल भावना की भी सराहना किया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं और समाज में एकता, अनुशासन एवं खेल भावना को बढ़ावा देते हैं। पूरे आयोजन के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और मैदान तालियों से गूंज उठा। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, टीमों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। पाँच दिवसीय टूर्नामेंट ने न केवल खेल के प्रति उत्साह जगाया, बल्कि ग्राम घमरे में सामुदायिक एकता और आपसी सहयोग की भावना को भी सशक्त बनाया।

आयोजित समापन अवसर पर मनेसिंह सलाम, राजेश गोटा, हीरोतिन दर्रो, संजू राणा, गंगा समरथ, सहदेव उसेंडी, अभिषेक ठाकुर, मंसा वट्टी, मानसू आचला, मन्नू पुड़ो पटेल, राधेश्वर टोहालिया, सोमारु जाड़े, पंकु उयके, राम जाड़े, फूलसिंह दर्रो, मेहत्तर उसेंडी, धनसिंह पुड़ो सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### जैविक खेती मिशन के मेले में किसानों को किया जागरूक

**कांकेर।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरुंगदोह में जैविक खेती मिशन योजनांतर्गत रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किसान उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राहुल ठाकुर ने पशुपालन योजनाओं और उनकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी, जबकि उद्यान अधीक्षक संदीप शोरी ने किसानों को उद्यानिकी फसलों की आधुनिक तकनीक के बारे में बताया। कृषि वैज्ञानिकों ने मंच से जैविक खेती, समन्वित कृषि प्रणाली, संतुलित उर्वरक उपयोग, पशुपालन, उद्यानिकी, कोदो-कुटकी-रागी जैसी मोटे अनाजों की खेती, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, कृषि उपकरणों पर अनुदान और आधुनिक खेती तकनीकों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

